Yes, Sir. Bangladesh has expressed interest in Joint Ventures preferably under buy-back arrangement in the following area:

—Composite textiles mills with spinning, weaving and finishing facilities
—Electrical and electronic goods
—Industrial chemicals
—Leather goods including shoeuppers and footwer
—Luggage
—Toys
—Sports goods
—Machine-tools, spares and instruments
—Cement
—Paper and pulp

The response from the Indian enterpreneurs appears to be good.

उत्तर प्रदेश में सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में विकास कार्य

2708. **चौधरी हरमोहन सिंह:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में स्थित सरकारी क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों में कुछ विकास कार्य शुरू किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो उपर्युक्त अवधि के दौरान सरकारी क्षेत्र के इन उपक्रमों में से प्रत्येक उपक्रम में कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) वर्ष 1992-93 के दौरान उत्तर प्रदेश में सरकारी क्षेत्र के कितने नये उपक्रम स्थापित किए जाने का विचार है?

उद्योग मंत्रालय (भारी उद्योग विभाग और लोक उद्यम विभाग) में राज्य मंत्री (श्री पी०के० धुंगन): (क) से (ग) सरकारी क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों द्वारा उद्यम-विशेष की आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर विकास कार्य किए जाते हैं। केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के जिन उद्यमों के पंजीकृत कार्यालय उत्तर प्रदेश में स्थित हैं उनमें से प्रत्येक में विगत तीन वर्ष के दौरान विस्तार, विकास तथा प्रतिस्थापन पर किए गए पूंजीगत व्यय का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है (नीचे देखिये) केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र में नई परियोजनाओं की स्थापना अथवा मौजूदा परियोजनाओं के विस्तार आदि का निर्णय परियोजना की तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता तथा संसाधनों की उपलब्धता के साथ-साथ राष्ट्र के संतुलित क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखकर किया जाता है।

विवरण

(लाख रुपयों में)

क्रम० सं	सरकारी क्षेत्र के उपक्रम का नाम	1990-91	1989-90	1988-89
1.	आर्टिफशियल लिम्ब्स मैन्यु० कंपनी	16	8	9
2.	भारत इम्युनोलाजिकल एंड बायोलाजिकल कंपनी	582	297	—
3.	भारत लेदर कारपोरेशन	5	9	8
4.	भारत पम्प्स एंड कंप्रेशर्स लि०	21	16	105
5.	भारत यंत्र निगम लि०	11	11	36
6.	ब्रिटिश इंडिया कारपोरेशन	अनुपलब्ध	202	1184
8.	कानपुर टेक्सटाईल्स लि०	7	17	8
9.	एल्गिन मिल्स	1	46	14
10.	इंडियन मेडीसन एंड फार्मास्युटिकल्स	1	8	4
11.	राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम	31	22	7
12.	नेटेका (उत्तर प्रदेश) लि०	5	11	19
13.	तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग	165390	237439	218792
14.	स्कूटर्स इंडिया लि०	27	18	23
15.	टेनरी एंड फुटवियर कंपनी लि०	27	19	28
16.	त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लि०	16	94	49
17.	उत्तर प्रदेश ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लि०	3	—	